


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 301 | पृष्ठ 8 | मन्दसौर | गुरुवार 15 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया




## हमें कई आयामों पर आजादी हासिल करनी है...

**15 अगस्त 1947को हमें आजादी मिली थी। हमें स्वतंत्रता मिले 77 साल हो गए हैं। आज हम स्वतंत्रता दिवस की 78वी वर्षगांठ मना रहे हैं। हम खुशनसीब हैं कि हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। आजाद देश में हम निडर होकर जीवन–यापन कर रहे हैं। लेकिन, यहां यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या वास्तव में हम आजाद हैं? चौकिए मत, हमारे देश में हर प्रकार की आजादी मिली हुई है। मसलन, गरीबों के शोषण की, ऊंचे पद पर आसीन लोगों के संदर्भ में झूठ व गलत बोलने की। कानून का मखौल उड़ाने की आजादी। इस प्रकार की आजादी कितनी भी गिनाई जाए कम है।**

देखा जाए तो 45 वर्ष का मनुष्य हर तरह से परिपक्व हो जाता है। जवानी में कुछ गलतियों से सीख लेते हुए क्रमशः सुधार की ओर बढ़ता है। लेकिन, हम अपने देश के विगत 77 वर्ष को देखें तो पता चलता है कि अभी तो अल्हड़ता अधिकांश की रगों में बह रही है। हर क्षेत्र में प्रगति करते हुए भी हम खुशहाली से बहुत दूर हैं। ईमानदार लोग ऊंगलियों पर गिने जा सकते हैं। भ्रष्ट लोग हमारे देश में कई सरकारी पदों पर विराजमान हैं। स्कूल, कॉलेज में प्रवेश लेते समय विद्यार्थियों के मन में यह बात घर कर जाती है कि बगैर लिए दिए कुछ नहीं हो सकता है। पढ़ते समय छात्र यह सोच लेता है कि कमाते वक्त वह भी रिश्वत लेगा? जो व्यक्ति ईमानदार है, उसे यह सिस्टम लील लेता है। ईमानदार व्यक्ति के जेहन में देश के भविष्य के लिए तरह-तरह की बातें उठती रहती है। वह सुधार की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन सिस्टम उसे पीछे धकेल देता है। देश की स्थिति जिस डगर पर चल रही है, उसी डगर पर युवा वर्ग भी आगे बढ़ता जा रहा है। हम क्यों हर गलत बात को स्वीकार कर लेते हैं। गलत को गलत कहने में और सही को सही कहने में हमारी जुबान क्यों लड़खड़ा रही है? हम किससे डर रहे हैं? हम अपने बच्चों को निडर बनना कब सिखाएंगे?

अभी तो हमें कई आयामों पर आजादी हासिल करनी है। अशिक्षा से आजादी..., गरीबी और बेरोजगारी से आजादी...सड़ी गली परंरपराओं से आजादी..., कुरीतियों से आजादी... भ्रष्टाचार और बेईमानी से आजादी... सच बोलने की आजादी वगैरह-वगैरह। यहां यह भी लिखना वाजिब लग रहा है कि कब विदेश में पढ़ने वाले छात्र देश में नौकरी कर गर्व महसूस करेंगे। इसके साथ ही ''सब चलता है'' इन तीन शब्दों से हमें कब आजादी मिलेगी।



और अंत में हम सब अपने स्तर पर असली आजादी की मुहिम चलाएं तो मुझे यकीन है कि जब हम अपने बच्चों को आजादी का महत्व और सही मतलब सिखाने में कामयाब हो जाएंगे। तब, एक ऐसा स्वतंत्रता दिवस भी आएगा कि हमको तो अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे पर नाज होगा ही, तिरंगा भी हम पर नाज करके इठलाता हुआ फहराएगा... जय हिन्द...।

**आशुतोष नवाल**
**सम्पादक–दैनिक गुरु एक्सप्रेस, मंदसौर**

### शहर में स्ट्रीट लाईटों के बिल की वसूली जनता से करती है नपा...

# विद्युत शाखा में सीमित स्टॉफ के भरोसे उजाले की व्यवस्था

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका के विद्युत विभाग में वर्षों पुराना स्टॉफ है। यहां कई वर्षों से नई नियुक्तियां तक नहीं की गई है। विद्युत शाखा के मुखिया को डेढ़–दो वर्ष पूर्व में बदल दिया गया था, तब से ही ढर्रा बिगड़ा हुआ होता रहा है। जबकि मंदसौर शहर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी के मान से विद्युत विभाग में और कर्मचारियों की आवश्यकताएं बढ़ गई है। हर महीने वसूले जाने

## हफ्तों बंद रहती है लाईटें, रखरखाव पर ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

वाले प्रकाश कर से नपा को राजस्व तो अच्छा खासा मिल रहा है, लेकिन रखरखाव के बारे में आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान तक नहीं दिया है। कर्मचारियों की कमी और काम के बढ़ते बोझ के चलते शहरवासी अंधेरे में रह रहे हैं। गली-मोहल्लों में स्ट्रीट लाईटें खराब होती है तो उसे ठीक करवाने के लिए ही हफ्तों गुजर जाते हैं।

शहर समय के साथ तेजी से बढ़ रहा है। शहर की सीमाएं तो बढ़ रही है, वहीं इससे नगर पालिका को राजस्व का भी अच्छा मुनाफा मिल रहा है। नपा प्रशासन शहरवासियों से स्ट्रीट लाईटों में रोशनी के नाम पर प्रकाश कर वसूलती है। लाखों रुपए में वसूले जाने वाले प्रकाश कर से रोशनी के लिए भी लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। प्रकाश कर से आय तो लाखों की हो रही है, लेकिन शहरवासी अंधेरे में आवागमन को मजबूर हैं। शहर की कई गली-मोहल्लों में स्ट्रीट लाईटें या तो बंद है, या उसमें खराबी आ गई है। शिकायत के बाद भी हफ्तों में समय गुजरने पर भी अंधेरा ही छा रहा है। सैकड़ों की संख्या में अनगिनत शिकायतें पेडिंग बनी हुई है। उधर, रखरखाव पर ही लाखों रुपए खर्च हो रहा है, लेकिन धरातल पर उजाला नहीं हो पा रहा है। जब पीड़ित नपा में शिकायत करता है तो शिकायत लिख दी जाती है, लेकिन उसे हल करने पर ध्यान दिया ही नहीं जाता है। मजबूरन थक हार कर लोग उजाले का इंतजार ही कर रहे हैं।

**प्रमुख चौराहों पर भी विद्युत रोशनी गायब**–शहर के गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, उधमसिंह चौराहा, घंटाघर व महाराणा प्रताप चौराहा सहित भारत माता चौराहे को विद्युत रोशनी से नहलाने की योजना तो हर बार बन रही है, लेकिन इस पर अमल एक बार भी नहीं हुआ है। गांधी चौराहे पर हाईमास्क लगा दिए गए, लेकिन वह भी अधिकांश समय खराब ही रहते हैं। रात के समय शहर की सुंदरता प्रमुख चौराहों पर हुई रोशनी से की जाती है। बावजूद इसके जब प्रमुख चौराहों पर ही रोशनी गायब हो रही है तो गली-मोहल्लों के हाल के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां किस तरह स्ट्रीट लाईटों का रखरखाव किया जा रहा है। आज स्वतंत्रता दिवस का पर्व है, इसके पूर्व लाईटों का रखरखाव प्रमुख जगहों पर जरूर किया जा रहा है।

**स्टॉक ज्यादा, सुविधा कम**–बताते है कि स्ट्रीट लाईटों के रखरखाव के लिए बल्बों व ट्यूब लाईटों का स्टॉक हमेशा ज्यादा तादाद में मंगाया जाता है। इसके ठीक विपरित सुविधा कम दी जा रही है। स्टॉक कागजों में दर्शाया जाता है, और कागजों में ही रखरखाव दर्शाया जाता है। जब स्टॉक हर महीने मंगाया जाता है तो रखरखाव कहां और किस तरह से होता है, इस बारे में जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही कारण है कि शहर की अधिकांश कॉलोनियों में अंधेरा कायम है।

## 36 किलो डोडा चूरा के साथ दो युवक धराए, 17 तक रिमांड पर आरोपी

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाना पुलिस ने 36 किलो डोडा चूरा के साथ दो युवकों को पकड़ा है। कार्रवाई मंगलवार–बुधवार की आधी रात्रि के बाद हुई। एक युवक की जेब से तीन सौ रूपए तो दूसरे युवक की जेब से मात्र 200 रूपए मिले हैं, जिनके कब्जे से एक बाईक भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार मुखबीर सूचना पर मेलखेड़ा–गरोठ रोड पर कछालिया फंटे के समीप घेराबंदी की गई। यहां बाईक क्रमांक एमपी 14 एमवाय 8840 से दो युवक आते दिखे। इनका नाम सुरेश पिता बालूराम मीणा 31 वर्ष निवासी जमुनिया मीणा थाना अफजलपुर एवं अनिल पिता मोहनलाल मेघवाल 25 वर्ष निवासी उदपुरा थाना नई आबादी है, जो बाईक से दो कट्टे में 36 किलो डोडा चूरा ले जा रहे थे। दोनों 17 अगस्त तक रिमांड पर है। बताते हैं कि किसी दाढ़ी वाले इन्हें स्टेशन क्षेत्र में डोडा चूरा डिलेवर करना था, इसके पूर्व वे पकड़ा गए। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की है।

### ढाई महीने पूर्व डायग्नोस्टिक सेंटर पर लगाई थी आग, तब भी आया था वीडियो...

# डॉक्टर संगतानी के घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग

## रात्रि में बाईक से आए थे 3 बदमाश, वीडियो वायरल, कोतवाली पुलिस को मिली चुनौती

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ढाई माह पूर्व 28-29 मई की रात्रि में डॉ. भरत संगतानी के देव डायग्नोस्टिक सेंटर पर अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाई थी। उस घटना में आरोपी का पता कोतवाली पुलिस अभी तक नहीं लगा सकी थी कि मंगलवार–बुधवार की मध्यरात्रि में फिर से बदमाशों ने उनके घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। एक बाईक पर सवार तीन बदमाश आए थे, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। इस तरह अब कोतवाली पुलिस को यह एक और चुनौती मिल गई है।

बता दें कि डॉ. भरत संगतानी का पारिवारिक विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। इसी मामले में दो तीन केस भी पुलिस में दर्ज हुए। वहीं इंदौर पुलिस ने भी मामले में कार्रवाई की। कुछ दिनों पहले डॉ. भरत संगतानी पर दुष्कृत्य का आरोप लगाकर युवती ने प्रकरण भी दर्ज कराया। इस तरह ढाई माह पहले 28-



29 मई की रात्रि में बड़े अस्पताल के सामने स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर में आग लगा दी गई। अब डॉ. संगतानी की कार... **शेष पेज 8 पर**

## पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने संभाली मंदसौर की कमान

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले के पुलिस कप्तान के रूप में आईपीएस



अभिषेक आनंद ने मंदसौर की कमान संभाल ली है। उन्होंने बुधवार शाम को मंदसौर आकर आमद दी और पुराने पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया से विधिवत चार्ज लिया। सुजानिया ने उनका स्वागत किया। कप्तान अभिषेक आनंद के आने के एक दिन बाद ही आज स्वतंत्रता दिवस का दिन है, ऐसे में उन्हें आते ही कानून व्यवस्था की स्थिति देखना पड़ेगी। उधर, प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया भी बुधवार को मंदसौर पहुंच चुकीं थी, जो रात्रि में सर्किट हाउस विश्राम कर आज सुबह कॉलेज मैदान पर झंडावंदन करेंगी।

## खेत में दवा छिड़कते समय बेहोश हुए युवक की मृत्यु

**नाहरगढ़, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाने के ग्राम सूंठी में बुधवार दोपहर में खेत पर दवा छिड़कते समय एक युवक बेहोश हो गया, जिसे डॉक्टर ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक दिलीप पिता राधेश्याम लौहार 42 वर्ष कीटनाशक दवाई छिड़कते समय बेहोश हुआ था, जिसे परिजन बड़े अस्पताल लेकर आए, लेकिन दिलीप को बचाया नहीं जा सका। मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### अवकाश सूचना


**स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर 15 अगस्त को दैनिक गुरु एक्सप्रेस कार्यालय का अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक दिनांक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा। शनिवार को पुनः मिलेंगे।**
**–संपादक**












# सैकड़ो की संख्या में हिन्दू समाज जन उतरे सड़कों पर, बांग्लादेश के विरुद्ध की नारेबाजी, दिया ज्ञापन

**मनासा, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बांग्लादेश में आरक्षण से भड़की हिंसा ने, धार्मिक हिंसा का रूप ले लिया, और लाखो हिन्दू भाईयो पर अत्याचार हो रहे हे ! हालात इतने बदत्तर हो गये की, बांग्लादेश में धर्म पूछकर, जेहादी मानसिकता वाले लोग हिन्दू धर्म के मंदिरो, एवं लोगो को नुकसान पंहुचा रहे हे ! इस घटना के विरोध में आज नीमच जिले का हिन्दू समाज एकत्रित हुवा और विरोध स्वरूप सम्पूर्ण नीमच जिला बंद रहा।

**शहर में पसरा सन्नाटा, निकाली रैली दिया ज्ञापन** –आज प्रात: काल से ही मनासा नगर में लॉक डाउन जैसा नजारा देखने को मिला, शहर के सर्व समाज एवं सर्व धर्म के लोगो ने अपना अपना व्यवसाय पूर्ण रूप से बंद रखकर विरोध प्रर्दशन को सफल बनाया ! वही पूर्व से तय समय अनुसार दोपहर 2 बजे हिन्दू समाज जन नगर नायक बद्रीनारायण मंदिर के सामने गाँधी चौक पर सैंकड़ो की संख्या में एकत्रित हुवे और रैली के रूप में, हाथों में तिरंगा लिए नारे लगाते हुवे मुख्य बाजार, चौपड़ गट्टा चौराहा, अल्हेड़ दरवाजा, सब्जी मंडी, कारगिल चौराहा होते हुवे, एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे ! जहां पर हिन्दू समाज जनो ने जमकर नारे बाजी की, बांग्लादेश में हिन्दुओ पर अत्याचार.. नही सहेंगे, एवं भारत माता की जय घोष के नारे लगवाए, पश्चयात उसके भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम बनाए गये ज्ञापन का वाचन विश्व हिन्दू परिषद् के प्रखण्ड संयोजक अर्जुन भट्ट ने किया, जिसमे हिन्दू समाज जनो ने अपनी मांगो को ज्ञापन के माध्यम से बताने का प्रयास किया हे ! वही ज्ञापन को शहर के सभी समाज के पदाधिकारियों ने मिलकर एसडीएम के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद तहसीलदार बी. के. बामनिया को दिया !

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत पंचायतों में हस्ताक्षर अभियान

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी क्रम में मनासा जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत में आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया ग्रामीणों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत लगाए गए फ्लेक्स पर अपने हस्ताक्षर कर अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।

## जन आक्रोश प्रदर्शन, 17 को मौन रैली निकाली जाएगी

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बांग्लादेश में मानवता को शर्मसार करने वाली लोमहर्षक घटनाओं में वहां के हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों के साथ क्रूर अत्याचार किया जा रहा है। दुनिया की अब तक की सबसे क्रूर ओर आतताई घटनाओं से भी ज्यादा अनाचार और पापाचार बंगलादेश में अल्पसंख्यकों से किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार, दक्षिण एशिया के सात देशों का संगठन दक्षेस ये सभी मूक दर्शक बने हुए हैं। इन अमानवीय कृत्यों के खिलाफ मंदसौर नगर वासी एक साथ एकत्र हो कर महामहिम राष्ट्रपति ओर माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे।

इसी संदर्भ में कोर कमेटी की बैठक हुई जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी गुरुचरण बग्गा, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष अभय डोसी, समाजसेवी हिम्मत डांगी, नरेन्द्र अग्रवाल, कन्हैयालाल सोनगरा, ब्रजेश जोशी, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष शरद धींग, होटल हलवाई संघ के पुष्पेंद्र भावसार, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अर्जुन डाबर, मेडिकल व्यवसाई मनोज चौधरी आदि उपस्थित थे। विचार मंथन के बाद यह तय किया गया कि 17 अगस्त शनिवार को सायं 3:30 गांधी चौराहा पर एकत्रीकरण होगा यहां से मोन रेली पुलिस कंट्रोल रूम जाएगी जहां प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा। नगर के सभी नागरिक बंधुओं मातृ शक्ति, युवा ओर विद्यार्थी वर्ग समस्त संस्थाएं संगठन के प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि कृपया अधिक से अधिक संख्या में इस आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हों।

## उत्साह- उमंग के साथ मनाएं स्वतंत्रता दिवस-सुश्री भूरिया

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास व जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश, प्रदेश एवं जिलेवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दीं है। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रदेश के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाना चाहिए। आइये हम सब मिलकर एक नए भारत का निर्माण करें। हम सभी को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रदेश ने विकास के सभी क्षेत्रों में नित्य नये आयाम स्थापित किये हैं। हमें देश की आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगे का सम्मान करने के साथ-साथ सदैव देश के प्रति अपना समर्पण भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है। महिला एवं बाल विकास विभाग प्रदेश के बच्चों के सर्वांगीण विकास और महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम सभी देश व प्रदेश की तरक्की के लिए संकल्प ले और पूर्ण मनोयोग से इस संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दें।



## जिला भाजपा कार्यालय पर होगा ध्वजारोहण

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर आज दिनांक 15 अगस्त 2024 गुरूवार को प्रात: 0830 बजे सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद एंव भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया एंव वरिष्ठ पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। नगर में निवासरत समस्त वरिष्ठजन, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण नियत समय पर पहुंचकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहभागिता करे।

# मारपीट करने वाले आरोपी को 3 माह का कारावास

**जावद, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती रीना पिपल्या, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद के द्वारा झगड़े के रूपये लेनदेन के विवाद के कारण फरियादी के मारपीट कर चोट पँहुचाने वाले आरोपी आरोपी रामप्रसाद पिता गंगाराम कछावा, उम्र-35 वर्ष, निवासी-ग्राम माध्याखेडी, थाना-निम्बाहेडा, जिला चितौड़गढ (राजस्थान) को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास व 300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री आकाश यादव द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 15.01.2017 को रात्रि के लगभग 10:30 बजे थाना क्षैत्र जावद के अंतर्गत आने वाले ग्राम मेघपुरा में फरियादी शांतिलाल कछावा के खेत की हैं। घटना दिनांक को फरियादी के खेत पर आरोपी राधेश्याम कछावा व उसके साथी रामप्रसाद कछावा व देवीलाल कछावा के साथ आया व आरोपी राधेश्याम उसकी पुत्री चोमाबाई के झगड़े के रूपये मांगने लगा, तो इस पर फरियादी ने कहा की सुबह बैंक से निकालकर दे दूंगा, किंतु आरोपीगण नहीं माने और फरियादी के साथ विवाद करते हुवे लकड़ी व लट्ठ से उसके साथ मापरीट करने लगे, जिस कारण फरियादी के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगो ने आकर बीच-बचाव किया। फरियादी द्वारा घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना जावद पर की गई, जिसके पश्चात् फरियादी का मेडिकल किये जाने के पश्चात् आवश्यक विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान ही आरोपी देवीलाल की मृत्यु हो जाने से उसके विरूद्ध प्रकरण समाप्त घोषित किया गया था। आरोपी रामप्रसाद के विचारण के दौरान फरार हो जाने से आरोपी राधेश्याम के संबंध में दिनांक 16 फरवरी 2024 को पारित निर्णय में उसे दोषी पाकर धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास व 300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया था। आरोपी रामप्रसाद के गिरफ्तार हो जाने पर उसके संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा यह निर्णय विचारण उपरांत पारित किया गया हैं। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी, चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री आकाश यादव, एडीपीओ द्वारा की गई।

## कलेक्टर आज नीमच में ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी लेंगे

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में आज 15 अगस्ती 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा उमंग और हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रंमाक-2 पर आयोजित होगा। जहां प्रात: 9 बजे कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी लेगें। जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रात: 8 बजें ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण कर आयोजित भव्य परेड की सलामी लेगें, तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेगें। परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच, सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल के जवानों, वन विभाग, शौर्या दल एनसीसी, स्काउट गाईड दल, रेडक्रास दल, एवं सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस नीमच के बैण्ड की टुकडी भी शामिल होगी। स्वतंत्रता दिवस पर सामुहिक पीटी प्रदर्शन एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व्दारा रंगारंग देशभक्तिपूर्ण सांस्कृकतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जावेगी। समारोह में उत्कृंष्टकार्य करने वाले शासकीय सेवकों, खिलाडियों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जावेगा।

**कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण आज**–कलेक्टर कार्यालय नीमच में 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर श्री हिमाशु चन्द्रा प्रात: 7.45 बजे ध्वजारोण करेंगे। कलेक्टोरेट स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आज 15 अगस्त 2024 को प्रात: 7.30 बजे तक ध्वाजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### ✼ उठावना ✼



सत्यनारायण, गोपाल, राजेंद्र की भाभी अशोक, विजय, कृष्णा, ओम प्रकाश की माताजी और सतीश, संजय, जीतेंद्र, पंकज, हेमंत, रवि, गोविंद की बड़ी मम्मी लकी, पीयूष, केशव, दक्ष, वंश की बड़ी दादीजी श्रीमति सीता देवी जी पति स्व. भवरलाल जी सोनी का स्वर्गवास 13 अगस्त मंगलवार को हो गया है। उठावना 15 अगस्त 2024, गुरुवार को दोपहर 2 बजे जगदीश विलास जीवागंज जगदीश मंदीर के पास मंदसौर पर रखा गया है।

✼✼✼ शोकाकुल ✼✼✼
सोनी परिवार (कुचेरिया)


कार्यालय कृषि उपज मंडी सीतामऊ जिला मंदसौर

स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिकों को


हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती शिवानी गर्ग – भारसाधक अधिकारी
रामेश्वर मेड़ा – सचिव
हुकुमसिंह पंवार – लेखापाल

स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिकों को

हार्दिक शुभकामनाएं



----बधाईकर्ता----

इशाक मो. नोड़ा
समाजसेवी, लदूना, सीतामऊ

स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिको को






सुरेन्द्र व्यास
व्यास सेल्स एंड सर्विस, सीतामऊ
वर्षो से सेवारत विश्वसनीय प्रतिष्ठान

ग्राम पंचायत निम्बोद

की ओर से स्वतंत्रता दिवस की




हार्दिक शुभकामनाएं




कस्तुरीबाई पति हीरालाल कुमावत – सरपंच, ग्राम पंचायत निम्बोद
वीरेन्द्रसिंह देवड़ा – सचिव, ग्राम पंचायत निम्बोद
शेरसिंहजी – सहायक सचिव, ग्राम पंचायत निम्बोद

कार्यालय नगर परिषद पिपलियामंडी जिला मंदसौर (म.प्र.)

समस्त नगरवासियों का स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद पिपलियामंडी जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा

हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं

साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थ न बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अश्यय उठाएं। 6. बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं करें तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 8. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।

---बधाईकर्ता---

श्री प्रवीण सेन – मुख्य नपा अधिकारी, नगर परिषद, पिपलियामंडी



भारतसिंह सोनिगरा – उपाध्यक्ष, नगर परिषद, पिपलियामंडी



श्रीमती इंद्रा सुनील देवरिया – अध्यक्ष, नगर परिषद, पिपलियामंडी

जनपद पंचायत सीतामऊ जिला मंदसौर

स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर के समस्त नागरिको को



रुकमणबाई मांगीलाल सूर्यवंशी – अध्यक्ष



जितेन्द्रसिंह कोटड़ामाता – उपाध्यक्ष

हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभाशु सिंह, सीईओ


मध्यप्रदेश शासन
देश की आज़ादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले
वीर शहीदों को कृतज्ञतापूर्ण नमन
रानी लक्ष्मीबाई
चन्द्रशेखर आजाद
वीर सुरेन्द्र साए
भीमा नायक
शंकर शाह
रघुनाथ शाह
बरकतउल्ला भोपाली
रानी अवंतीबाई
टंट्या भील
तात्या टोपे
राणा बख्तावर सिंह
सीताराम कँवर
रघुनाथ सिंह मण्डलोई
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
78 वें स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौतरफा विकास का
परचम लहराता मध्यप्रदेश
युवाओं के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यावसायिक क्षमता निर्माण के लिए सभी 55 जिलों में पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रहे आयोजित
संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आहार अनुदान योजना एवं राशन आपके ग्राम जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीब और जरूरतमंदों को सहायता
मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ महिलाओं को रक्षाबंधन पर प्रतिमाह ₹1250 के अतिरिक्त ₹250 का विशेष उपहार, अब तक ₹22 हजार 924 करोड़ की सहायता, लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल
मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 83 लाख से अधिक किसानों को ₹14254 करोड़ की सहायता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़ने के लिए स्कैन करें
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11047/24
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# सैनिक स्कूल मंदसौर के नवीन प्रवेशी कैडेट्स का हुआ वर्दी सेरेमनी कार्यक्रम



**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सैनिक स्कूल मंदसौर के सत्र 2024- 25 के नवीन प्रवेशी कैडेटस का वर्दी सेरेमनी कार्यक्रम जोश व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में घोष के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का सभागार में प्रवेश हुआ। दीप प्रज्वलन व सैनिक स्कूल गीत के बाद सम्मानीय मंच का स्वागत भूतपूर्व सैनिक कोमल प्रसाद माली व दिग्विजय सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया। वर्दी सेरेमनी की शुरुआत में नवीन कैडेटस ने कदम ताल करते हुए जोश के साथ सभागार में प्रवेश किया। नवीन प्रवेशी कैडेटस को कार्यक्रम के अतिथि महानुभावों व कक्षा 7 के कैडेटस के द्वारा बैरेट पहनाई गई, यह क्षण सभी के रोंगटे खड़े कर देने वाला था। कैडेटस के द्वारा राष्ट्रभक्ति व जोश से ओतप्रोत गीत, स्वरचित कविता व भाषण प्रस्तुत किया गया। 200 कैडेटस के द्वारा सामूहिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए एक कैडेट के पूरे दिन की दिनचर्या का प्रस्तुतीकरण किया गया जो की सभी को भाव विभोर कर देने वाला था। इस अवसर पर कैडेटस कैबिनेट 2024- 25 के कैडेटस का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित हुआ। स्कूल कैप्टन के रूप में कैडेट जगदीश रंजन को चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती मालवा प्रांत के संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्र ने कहा की द्ब्थ्द्ब्प अगस्त के उत्साह को मन में अवश्य रखना चाहिए किंतु बलिदानों को भी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्या भारती के क्षेत्रीय सह मंत्री श्री प्रकाश धनगर ने कहा की ये नन्हें- नन्हें छात्र सैनिक हमारे देश का आने वाले भविष्य हैं। कार्यक्रम के दौरान भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव महोदय श्री अशोक पारीख, समिति सहसचिव व सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर के वरिष्ठ श्री गुरु चरण बग्गा, मंदसौर विभाग के विभाग समन्वयक श्री राघवेंद्र देराश्री, केशव नगर विद्यालय की समिति प्रोफेसर राजेंद्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री रविंद्र सोहनी, समिति कोषाध्यक्ष श्री राजदीप परवाल, समिति की सदस्या श्रीमती वर्तिका पारीक, श्री रविंद्र पांडे, समिति के शासकीय प्रतिनिधि श्री दिलीप डाबी, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती सरोज प्रसाद, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़, अभिभावक गण, आचार्य परिवार व कैडेटस उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा आयोजित

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एंव पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा नीमच के खिलाड़ियों की तिरंगा यात्रा रैली आयोजित की गई। जिला प्रशिक्षक श्रीमती मीनाक्षी सिसोदिया ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नीमच के विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार और नवागत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा , अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गुरुप्रसाद, ने जिले के खिलाड़ियों को तिरंगा यात्रा के लिए रवाना कर किया और तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। शा.बा.उ.मा.वि. क्रमांक 2 के खेल मैदान पर शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया। विधायक श्री परिहार ने उपस्थित खिलाड़ियों को तिरंगे का सम्मान करने और हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। कलेक्टर श्री चंद्रा ने उपस्थित खिलाड़ियों को तिरंगे के सम्मान की शपथ दिलाई।

## कलेक्टर ने किया बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला स्तिरीय बाढ़ नियत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और नियंत्रण कक्ष में अब तक प्राप्त सूचनाओं, उन पर की गई कार्यवाही आदि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए कि कन्ट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं का तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सम्प्रेषण किया जाए। सूचनाओं पर त्विरित कार्यवाही कर आपदा प्रबंधन का कार्य सुनिश्चित करें। इस दौरान ए.डी.एम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रसिंह धार्वे भी उपस्थित थे।



## प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने भगवान पशुपतिनाथी के दर्शन किए

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भगवान पशुपतिनाथजी के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। जिले की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रभारी मंत्री को पशुपतिनाथजी मंदिर इतिहास के बारे में बताया गया। साथ ही भगवान पशुपतिनाथजी की तस्वीर भेंट की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, श्री नानालाल अटोलिया सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर, एडिशनल एसपी मौजूद थे।


NAME CHANGE

I ZAHRA Holder of passport no. U3786089 do hereby change my name to ZAHRA (as given name) KULKA (as surname) for all purposes. I will henceforth be known in the name ZAHRA KULKA and I also undertake to carry out this name change in all my documents.

Sincerely
ZAHRA KULKA D/O MURTAZA KULKA
HOUSE NO. C-1 WARD NO.4 BURHANI NAGAR
MANDSAUR M.P. 458001

NAME CHANGE

I QUTUB KHAN Holder of passport no. U3786088 do hereby change my name to QUTUBKHAN (as given name) KULKA (as surname) for all purposes. I will henceforth be known in the name QUTUBKHAN KULKA and I also undertake to carry out this name change in all my documents.

Sincerely
QUTUBKHAN KULKA S/O MURTAZA KULKA
HOUSE NO. C-1 WARD NO.4 BURHANI NAGAR
MANDSAUR M.P. 458001




कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.)
समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर
हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं

साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

---बधाईकर्ता---

| | | |
|---|---|---|
| प्रमोद जैन | वीरेन्द्र रूपरा | श्रीमती ममताकुंवर जयराजसिंह चौहान |
| मुख्य नपा अधिकारी | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष, नप, नारायणगढ़ |
| नप, नारायणगढ़ | नप, नारायणगढ़ | |

दिनांक 15 अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
भावकारक और नाशक..



✻ सामान्यत: कहां जाता हैं कि गुरु जिस भाव में बैठता है उसे भाव का नाश करता है और शनि जिस भाव में बैठता है उस भाव को प्रबल करता है किंतु यह पूर्ण सत्य नहीं है।वरन गुरु अगर केवल शनि की राशि (मकर,कुंभ) में ही स्थित हो तभी उस भाव की हानि करता है और शनि यदि गुरु की राशि(धनु, मीन) में स्थित होता है तभी उस भाव की पूर्ण रूप से वृद्धि करता है।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, एडवोकेट
कार्यालय-घटावदा हाउस नयापुरा रोड मंदसौर, मो.-91-8224049381

✻✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻✻


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 76 (पूराने भवन क्रमांक 64/8) बार्ड नं. 35 नरसिंहपुरा नयागांव मंदसौर तहसील व जिला मंदसौर में स्थित होकर इसका कुल क्षेत्रफल 500 वर्गफीट है। यह संपत्ति श्री शोभाराम पिता परमानंद कुमावत के मालकी की होकर इनके द्वारा श्री भेरूलाल पिता खुदचंद कुमावत से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक अ- 1/3839 दिनांक 20.01.1989 को क्रय की गई, तथा में नगरपालिका मंदसौर में इनके नाम पर नामांतरण होकर इनके एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्य की है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रास्ता तथा दक्षिण में दुर्गामल का मकान है। यदि उक्त संपत्ति किसी भी संस्था शासकीय या अशासकीय विभाग, बैंक या अन्य किसी संस्था या किसी व्यक्ति के पास किसी लेख के द्वारा रहन, बय, बख्शीष, कुर्की जमानत आदि में बंधक हो या कोई पारिवारिक विवाद हो या न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी की भी किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर मेरी पक्षकार संस्था इंडसइंड बैंक लिमिटेड द्वारा इस पर ऋण स्वीकृत किया जावेगा। सो सूचित हो।

दिनांक 13.08.2024

भवदीय
एडवोकेट भानुप्रताप सिंह सिसोदिया
मो.-91-8224049381


















## स्मृति दिवस पर सुशासन भवन में लगाई प्रदर्शनी

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार के निर्देशानुसार विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सुशासन भवन परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने अवलोकन किया गया। उक्त प्रदर्शनी का आयोजन जिले के लीड बैंक के निर्देशन में किया गया है। प्रदर्शनी में भारत विभाजन की स्मृतियों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जिसके माध्यम से विभाजन के समय के हुए लोगों के बलिदान के बारे में वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी समाज में सद्भावना, एकता, अखंडता और मानव सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा है।

# स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा एवं विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज दिनांक 14 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय-दलौदा, जिला-मन्दसौर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा एवं विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार ने अमर शहीदों को याद करते हुए स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला। पाटीदार ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से 14 अगस्त 1947 को हुए विभाजन, विस्थापन एवं पलायन के दर्द को महसूस कराया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने 1857 से 1947 तक की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही अटोलिया ने बताया कि आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने तन, मन, धन सब न्यौछावर कर दिया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेमन्त धनौतिया ने विभाजन विभिषिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सीबीसी प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने हर घर तिरंगा एवं एक पेड मॉ के नाम अभियान पर विचार प्रकट किये। डा0 गजराज पण्ड्या द्वारा विभाजन विभिषिका एवं हर घर तिरंगा पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में भारतीय कला मण्डल, उज्जैन द्वारा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र मालीवाड ने कार्यक्रम के अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास सुराना ,जिला पंचायत सभापति विजय मेहता, सरपंच दूर्गा कैथवास, डा0 निधि रावल पालरिया, प्रिया, राजेष कुमार, विकास प्रजापति, दीप्ति श्री वास्तव, आकार्ड रावत, नौन्दराम, तोसिप नागौरी, ममता देवी यादव, अरूणा नापित एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रियंका प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कैथवास एवं संतोष राव उपस्थित रहे।

## कन्या महाविद्यालय में आजादी महोत्सव मनाया

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में दिनांक 09 से 15 अगस्त आजादी महोत्सव मनाया गया।



इस दौरान अलग-अलग दिवसों पर व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी चंद्रावत, द्वितीय दिव्यांशी टेलर एवं तृतीय स्थान रविना कुंवर ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांशी टेलर, द्वितीय स्थान रविना कुंवर एवं तृतीय स्थान साक्षी चंद्रावत द्वारा प्राप्त किया गया। स्वरचित देशभक्ति गीत एवं कविता प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान योगेश्वरी सोनगरा, द्वितीय दिव्यांशी टेलर एवं तृतीय रविना कुंवर ने प्राप्त किया। साथ ही इन दिवसों पर छात्राओ से हर घर तिरंगा फहराने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.अनुराग आर्य ने किया।



**स्वतंत्रता दिवस :** आजादी के जश्न के लिए मंदसौर शहर सहित जिलेभर में प्रमुख नगरों में इस तरह सजा तिरंगे का बाजार...

# संत रविदास स्वरोजगार योजना से मिली मदद

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.शासन व्दारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक मदद नीमच जिले के नयागांव निवासी निवासी मुकेश पिता रोडीलाल आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बडा कदम साबित हुई है। इस योजना का लाभ लेकर मुकेश स्वयं का सब्जी विक्रय व्यवसाय प्रारंभ कर, वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन गया है। सब्जी विक्रय कर मुकेश प्रतिमाह लगभग 15 हजार रूपये की आय प्राप्त कर रहा है। नीमच जिले के नयागांव निवासी अनुसूचित जाति वर्ग के मुकेश को जब संत रविदास स्व रोजगार योजना का पता चला, तो उसने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय नीमच जाकर सब्जी व्यवसाय के लिए ऋण आवेदन प्रस्तुत किया। मुकेश को संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा नयागांव से एक लाख 60 हजार रूपये का ऋण मिला। इससे मुकेश ने उसने की सब्जी व्यवसाय प्रारंभ किया। उसका यह काम चल निकला और उसे प्रतिमाह 15 हजार रूपये की आमदनी होने लगी है। अब वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गया है। इस योजना से मिली मदद के लिए मुकेश, प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को धन्यवाद दे रहा है। कि शासन की उक्त स्वरोजगार योजना की बदोलत उसे स्वंय का रोजगार मिल गया है और वह अपना और अपने परिवार का गुजर बसर अच्छे से कर पा रहा है।

## उप मुख्यमंत्री ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी है। श्री जगदीश देवडा ने कहा है कि आजादी का यह पर्व हमें उन वीर शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को परतंत्रता की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हम ऊर्जा और उल्लास से भरे हुए हैं। आजादी के लिए न जाने कितने भारतवासियों ने जीवन का बलिदान किया। आज हम उन सभी ज्ञात-अज्ञात सेनानियों का स्मरण करते हुए नमन करते हैं। उन्होने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर हमें राष्ट्र के समग्र विकास और आजादी की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।



## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 15 | 2415 | 2612 |
| उडद | 3 | 7501 | 7800 |
| सोयाबीन | 6200 | 3200 | 4300 |
| गैहु | 4600 | 2620 | 3266 |
| चना | 319 | 5000 | 7171 |
| मसुर | 239 | 5250 | 6040 |
| धनिया | 260 | 4852 | 6351 |
| लहसुन | 11800 | 8200 | 23700 |
| मैथी | 750 | 4700 | 5801 |
| अलसी | 1000 | 5350 | 5901 |
| सरसो | 350 | 4801 | 5241 |
| तारामीरा | 1 | 4300 | 4300 |
| इसबगोल | 80 | 8900 | 12400 |
| प्याज | 2000 | 1200 | 3540 |
| कलोंजी | 25 | 14951 | 17600 |
| डॉलर | 35 | 8653 | 13353 |
| तिल्ली | 180 | 10000 | 12181 |
| मटरसुखी | 4 | 4600 | 6667 |
| असालीया | 15 | 8501 | 10151 |


हंस वाहिनी हाई स्कूल नाहरगढ़
स्वतंत्रता दिवस पर समस्त किसानों, व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
कपिल माली
प्रधानाध्यापक
कक्षा-LkG से 10वी तक
पता-बाय पास रोड़ नाहरगढ़, जिला-मंदसौर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
15 AUGUST INDEPENDENCE DAY
******** बधाईकर्ता ********
डोनी पोलो प्रा. उद्योग शामगढ़

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर
समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हाई टीच एजुकेशन
HI TECH EDUCATIONAL ACADEMY
नई आबादी नाहरगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

वृहताकार प्राथमिक कृषि साख संस्था सूंठी
स्वतंत्रता दिवस पर समस्त किसानों, व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
श्री राकेश चौधरी
प्रबंधक
श्री दीपक आर्य
प्रशासक

वृहताकार प्राथमिक कृषि साख संस्था नाहरगढ़
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
श्री पवन जैन
प्रबंधक
श्री दीपक आर्य
प्रशासक

वृहताकार प्राथमिक कृषि साख संस्था जग्गाखेड़ी
स्वतंत्रता दिवस पर समस्त किसानों, व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
श्री विजयसिंह पंवार
प्रबंधक
श्री दीपक आर्य
प्रशासक

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलेवासियो को
हार्दिक बधाईयां शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
उत्कृष्ट क्वालिटी के रेडिमेड वस्त्रो के विक्रेता
साजन-सजनी गारमेंटस
कालीदास मार्ग मंदसौर

कार्यालय नगर परिषद शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.)
समस्त नगरवासियों का स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा
हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं
साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। 5. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अश्यय उठाएं। 6. बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं करें तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 8. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य कराएं।
---बधाईकर्ता---
मुख्य नपा अधिकारी, नगर परिषद, शामगढ़
डालीबाई रामगोपाल जोशी, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, शामगढ़
कविता नरेन्द्र यादव, अध्यक्ष, नगर परिषद, शामगढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
विनस कम्प्युटर्स, कालाखेत, गौतम नगर
जगदीश टी डिपो, कालीदास मार्ग, मंदसौर
झंवर इंटरप्राईजेस, कालीदास मार्ग, मंदसौर
झंवर मेडिकोज, नयापुरा रोड़ मंदसौर



# अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति ने बढ़ाया तिरंगे और सैनिकों का गौरव

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पिछले एक माह से अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति द्वारा समिति के प्रभारी गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर लगातार शहर के वार्डों, मंदसौर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकें ली जा रही थी। बुधवार 14 अगस्त को इस कड़ी मेहनत का परिणाम सामने आया और शहरवासियों के मन में देशभक्ति का जज्बा साफ़ नजर आया। हजारों कि संख्या में शहरवासियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए देशभक्तों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया।

**सैकड़ो स्थानों पर हुआ स्वागत–** तिरंगा यात्रा आज़ाद चौक घंटाघर से प्रारंभ हुई। आज़ाद चौक से खानपुरा, धानमंडी, गणपति चौक, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड़, महाराणा प्रताप बस स्टेंड, संजीत रोड़, महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा, गीताभवन रोड़, सहकारी बाजार, गुप्ता समोसा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टेंड होकर भारत माता चौराहा पहुंची। इस बीच तिरंगा यात्रा का जोश खरोश और देशभक्ति के नारों के लगाते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, बोहरा समाज , मुस्लिम समाज सहित विभिन्न समाजों, सामाजिक संगठनों एवं स्कूलों के स्टाफ सहित छात्र छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

**सांसद एवं नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित नेतागण भी पहुंचे–** तिरंगा यात्रा में सांसद सुधीर गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, प्रितेश चावला सहित पार्षदों एवं वष्ठिजनों, महानुभावों ने भी तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।

**युवाओं में जबरदस्त जोश दिखा–** तिरंगा यात्रा में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए देशभक्त युवाओं में तिरंगा यात्रा को लेकर जबरदस्त जोश दिखाई दिया। गगनचुंबी देशभक्ति के नारे लगाते हुए युवाओं ने अपनी देशभक्ति का जज्बा जाहिर किया।

हिन्दू युवा वाहिनी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए- हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह गेहलोद सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। हर्ष ईको सीटी कॉलोनी में एकत्र होकर सभी वाहनों पर सवार होकर डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए जिला जेल, उधम सिंह चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टेंड, भारत माता चौराहा, कालिदास मार्ग होते हुए आजाद चौक पहुंचे और तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की।

**भारत माता चौराहे पर आरती हुई–** तिरंगा यात्रा का समापन करने से पर भारत माता चौराहे पर भारत माता कि आरती की गई। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी महिलाओं एवं नागरिकों ने भारत माता कि आरती कर देश में अमन शांति की प्रार्थना की। आभार कपिल भंडारी ने माना। इस दौरान फैनी जैन नामक बालिका ने सुंदर बांसुरी की धुन पर देशभक्ति का गीत गया।

**गौरव अग्रवाल ने एक बार फिर अपने मैनेजमेंट का लोहा मनवाया–** मैनेजमेंट में मास्टर कहलाने वाले अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति के प्रभारी गौरव अग्रवाल ने एक बार फिर अपना मैनेजमेंट साबित कर दिया। तिरंगा यात्रा को कैसे भव्य रूप देना इसे लेकर गौरव अग्रवाल पिछले एक माह से अपनी टीम के साथ लगातार अलग अलग स्थानों पर जाकर बैठकें ले रहे थे। तिरंगा यात्रा का रूट क्या होगा, इतनी बड़ी में नागरिक पहुंचेंगे उन्हें कैसे संभालना है, यात्रा के दौरान कोई विवाद ना हो इस लेकर भी बहुत समझाई गौरव अग्रवाल ने दी थी। आमजन में देशभक्ति का जज्बा पैदा करने के लिए सन् 2017 से लगातार गौरव अग्रवाल अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। इस प्रशंसनीय पहल के लिए शहरवासियों में गौरव अग्रवाल को लेकर एक नजरिया देखा जा रहा है।




## हिर और रुद्राक्षी के नृत्य ने मन मोहा

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** तिरंगा यात्रा आजाद की शुरुआत आजाद चौक से हुई। इसके पहले यहां भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में मंच से हिर ककनानी और रुद्राक्षरी गुर्जर ने नृत्य प्रस्तुत किया। देशभक्ति की धून पर आयोजित दोनों बालिकाओं के नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। इसके बाद भूतपूर्व सैनिकों ने नकद राशि देकर दोनों बालिकाओं को सम्मानीत भी किया।

## तीन छत्री बालाजी मंदिर पर आज आयोजित होगी विश्व हिन्दू परिषद की बैठक

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के 60 वे स्थापना दिवस को लेकर विश्व हिन्दू परिषद की एक वृहद बैठक का आयोजन तीन छत्री बालाजी मंदिर पर दिनांक 15-08-2024 को सांय 5 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी अखाड़ो के उस्ताद, सभी समाजो के प्रभुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्तागण, आमंत्रित है। बैठक में आमंत्रित करने की अपील विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त अधिकारी सदस्य गुरुचरण बग्गा, भगवान दास ज्ञानानी, विभाग अधिकारी प्रदीप चौधरी, लक्की बडोलिया, जिलाध्यक डॉ प्रवीण सिंह मंडलोई, उपाध्यक्ष हरीश टेलर, अरविंद चौहान, पुष्पा भंडारी जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, सह मंत्री प्रतीक व्यास, नीलेश जैन, संयोजक अनिल धनगर, सह संयोजक महेंद्र सुराह, मंजीत प्रजापति, नवनीत पारिख, अमरदीप कुमावत, अंतिम देवड़ा, विमोद जाट, प्रदिप मोटवानी, रूपनारायण मोदी, शंकर शर्मा, प्रियांश राज पुरोहित, शांति दीदी रावल, प्रखंड अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, विनोद प्रजापत, ललित सिसोदिया, गौरव शर्मा, हरीश राव, मनीष भाटी, लक्की गोसार, अंकित चौहान, शुभम तरवेचा, गोविंद नागदा गौरव राजपूत, रितेश मतराना, अजय ग्वाला सूरज कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत, महेशनाथ योगी, आबि बरेडा, विष्णु ग्वाला, अजय ग्वाला, राजेश करानीया आदि सभी ने श्री कृष्ण जनमाष्मी महोत्सव एवं विहिप स्थापना दिवस को मनाएं जाने को लेकर बैठक में आने की अपील की है।

## अहिल्याबाई एक देवी ही नहीं अपितु एक विचारधारा है-प्राचार्य डाबी

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सी एम राइज स्कूल साबाखेड़ा में लोक माता देवी अहिल्याबाई की 300वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के लिये निबंध प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । तीनों प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले बच्चों को शील्ड और प्रमाणपत्र दिए गए। प्राचार्य श्री दिलीप सिंह डाबी ने बच्चों को संदेश दिया गया कि लोकमाता अहिल्याबाई एक देवी ही नहीं अपितु एक विचारधारा हैं जिन्होंने पांच सूत्रों पर काम किया था जिसमें सामाजिक समरसता , कुटुंब को एक साथ लेने की भावना, पर्यावरण में सुधार नागरिक अनुशासन से न्याय प्रणाली और स्वदेशी का भाव विकसित करना मुख्य रहा है यह सब हमें सीखना होगा । इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया



**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत के विभाजन के दौरान जिन परिवारों के सदस्यों को प्राण न्यौछावर करने पड़े, उन परिवारों को नमन करते हुए ऐसे लोगों की स्मृति में 14 अगस्त, 2024 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया गया। यह सर्वविदित है कि देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत के लाखों लोगों ने बलिदान देकर आजादी प्राप्त की थी, ऐसे समय पर देश का दो टुकड़ों में बँट जाने का दर्द लाखों परिवारों में एक गहरे जख्म की तरह घर कर गया है। इसी समय बंगाल का भी विभाजन हुआ। इसमें बंगाल के पूर्वी हिस्से को भारत से अलग कर पूर्वी पाकिस्तान बना दिया गया था; जो कि सन् 1971 में बांग्लादेश के रूप में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। भारत के इस भौगोलिक बंटवारे ने देश के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से झकझोर दिया था। 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' हमें न सिर्फ भेद- भाव, वैमनस्य एवं दुर्भावना को खत्म करने की याद दिलायेगा बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित जिलाधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक मौजूद थे।

## शिवना तिरंगा रैली का संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संगठन द्वारा स्वागत किया

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को दोपहर 2 बजे नूतन स्टेडियम से विशाल शिवना तिरंगा यात्रा निकाली गई। शासकीय अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मंदसौर द्वारा शिवनाथ तिरंगा रैली का महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेज सिंह पवार, सुरेश चंद्र पवार, प्रमोद सेठिया निखिलेश तुगनावत, बीएस बामनिया, अशोक शर्मा सतीश नागर, अखिलेश मेहता, प्रमोद गौतम, चेतन पांडे, राजेंद्र शाह, प्रशांत जोशी, विजय सिंह पुरावत, करण सिंह, राजन सिंह चौहान रोहित सिंह चौहान धर्मपाल सिंह देवड़ा भगवती शर्मा देवीलाल देवड़ा, मोहनलाल धनगर, शिवनारायण जोशी अजय कुल्हाड़ नीरज सिंह घनश्याम इनवाती विवेक भंडारी मोहनलाल आर्य सूर्य प्रताप सिंह रामेश्वर सोलंकी, दिनेश, वीरेंद्र सिंह भाटी, भैरू सिंह सिसोदिया, नितिन दीवान, चंपालाल देवडा सुजान मल जैन एवं अन्य साथी द्वारा स्वागत किया गया।












# पूरी तरह बंद रहा नीमच, रैली निकाली

**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बाद लगातार हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और हमले हो रहे हैं। हिंदुओं के घरों को आग लगाई जा रही हैं और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। लोगों को मारा जा रहा है। भारत में इसे लेकर हिंदू समाज में आक्रोश है, जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में नीमच में भी 14 अगस्त बुधवार को नगर बंद का आह्वान सर्व समाज के द्वारा किया गया था। जिसके चलते बुधवार को नीमच पूरी तरह से बंद रहा। दोपहर 1 बजे शहर के भारत माता चौराहा पर मां भारती कीं आरती करने के बाद आक्रोश रैली निकाली गई। जो भारत माता चौराहा से पुस्तक बाजार, जाजू बिल्डिंग, घंटाघर, नया बाजार, बारादरी, फव्वारा चौक, कमल चौक होते हुए पुन: भारत माता चौराहा पर पहुंची। यहां सामूहिक हनुमान चालिसा का पाठ किया गया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी प्रशासन को दिया गया।

# परीक्षा फीस जमा करना स्कूल संचालक और प्राचार्य की जिम्मेदारी

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से आयोजित होने वाली है। इस परीक्षा के लिए आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। परीक्षा फार्म कियोस्क के माध्यम से जमा कराई जा रही है। 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा फीस की पूरी जिम्मेदारी स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को दे दी है। इन्हें फीस जमा करने के साथ ही कियोस्क से लिस्ट निकालकर उसका सत्यापन भी करना होगा। माशिमं ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी विद्यार्थी कियोस्क में जाकर फीस जमा नहीं करेगा। यदि किसी विद्यार्थी का फार्म जमा नहीं होता है, तो स्कूल और प्राचार्य विलंब शुल्क भरेंगे। दरअसल, पिछले साल कई जिलों में सरकारी और निजी स्कूलों स्कूलों के 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क समय पर जमा नहीं हो पाई थी, जबकि इन विद्यार्थियों ने समय से फीस और फार्म जमा कर दिए थे।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण



**नीमच, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को जिला चिकित्सानलय नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर, उपलब्ध उपचार व्ययवस्था ओं और सुविधाओं का जायजा लिया तथा सिविल सर्जन व चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील डॉ.मनीष यादव, डॉ.हितेन्द्र सिसोदिया, डॉ.संगीता भारती एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिला चिकित्सालय के निरीक्षण दौरान ट्रामा सेंटर, शिशु भर्ती वार्ड, शिशु आईसीयू वार्ड, आपरेशन थियेटर, सीटी स्केन कक्ष, सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम, हेल्प डेस्क , ब्लुड बैंक, ई हास्पीटल सर्वर, ओपीडी पर्ची, आयुष्मान कक्ष काउन्टर, एसएनसीयू, प्रसूति वार्ड, पैथालॉजी लेब सोनोग्राफी कक्ष, आपातकालीन चिकित्सा कक्ष आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने विभिन्नस वार्डो के निरीक्षण दौरान वार्डो में पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने, सफाई व्यवस्था की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने एवं मेडिकल कालेज के चिकित्सकों का ओपीडी में मरीजों के उपचार कार्य में आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, चिकित्सकों की उपलब्धता, आपातकालीन चिकित्सा ड्यूटी चार्ट एवं स्टाफ आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने वार्डो में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से उपचार व्यवस्था दवाई वितरण व्यवस्था एवं भोजन तथा सहयोगियों के ठहरने की व्यवस्था, उनके बैठने की व्यवस्था आदि के बारे में भी चर्चा की। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिला चिकित्सोलय के मुख्य प्रवेश व्दार पर वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग शुल्क से संबंधित सूचना बोर्ड तत्काल लगाने के निर्देश दिए। उन्होने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वाहन पार्किंग का निर्धारित शुल्क से अधिक शु किसी से भी नहीं लिया जाए। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# स्वतंत्रता दिवस मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड मंदसौर में आयोजित होगा । तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा तथा मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। प्रात: 9:10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 9:25 बजे मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के संदेश का वाचन होगा। प्रात: 9:50 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर होगी। प्रात: 9:55 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट होगा। प्रात: 10.15बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमआयोजित होंगे तथा प्रात: 10:40 बजे पुरुस्कार वितरण होगा।



# कश्मीर में आतंकियों के साथ बड़ी मुठभेड़

**श्रीनगर, 14 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सर इलाके में आतंकवादियों के साथ हुई एक बड़ी मुठभेड़ में भारतीय सेना के 48 राष्ट्रीय राइफल्स के एक कैप्टन शहीद हो गए हैं। यह मुठभेड़ स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एनकाउंटर में 4 आतंकियों की भी मारे जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया है।

सुरक्षा बलों को इलाके से एक एम4 कार्बाइन और तीन बैग मिले हैं। डोडा के अस्सार इलाके में यह मुठभेड़ मंगलवार शाम शुरू हुई थी। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि विशेष खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पटनीटॉप के पास अकर वन में संयुक्त अभियान शुरू किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अभियान में एक आतंकवादी घायल हुआ है। इसके अलावा, अनंतनाग में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में मंगलवार को चौथे दिन भी सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी रही। अधिकारियों के अनुसार, अहलान गगरमांडू जंगल में संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। जंगल में छिपे आतंकवादियों को पकडने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

# रिश्वतखोर खाद्य आपूर्ति अफसर धराया

## किसान से मांगे थे 15 हजार, लोकायुक्त टीम ने फिल्मी स्टाइल में दबोचा



**रतलाम, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरकार की तमाम सख्तियों और लोकायुक्त समेत अन्य जांच एजेंसियों की लगातार कार्रवाइयों के बावजूद मध्य प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। हर रोज प्रदेश के किसी न किसी विभाग में सरकारी अफसर या कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ा रहे हैं। इनपर सख्त कार्रवाई भी हो रही है, बावजूद इसके घूसखोरी के मामलों में कोई कमी नहीं आ रही है। ताजा मामला जिले के जावरा से सामने आया है, जहां उज्जैन की लोकायुक्त टीम ने खाद्य विभाग के कनिष्ठ अधिकारी को 4 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जिले के अरनिया गुर्जर पिपलौदा में रहने वाले शिकायतकर्ता देवी सिंह गुर्जर ने उज्जैन लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा को मामले को लेकर शिकायत की थी। शिकायत में पीड़ित ने कहा कि उसे भोलेनाथ स्वयं सहायता समूह को आवंटित उचित मूल्य की दुकान किसी कारणवश निलंबित कर दी गई थी। उक्त उचित मूल्य की दुकान पर आवेदक की पत्नी पार्वती देवी समूह की सचिव एवं विक्रेता हैं। उक्त उचित मूल्य की दुकान की निलंबन से बहाली के लिए जावरा के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रेम कुमार अहिरवार ने उनसे 15 हजार रिश्वत मांगी है।

### जाल बिछाकर अधिकारी को दबोचा...

पुलिस अधीक्षक ने डीएसपी राजेश पाठक के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कराया। वहीं शिकायत सही पाए जाने पर डीएसपी राजेश पाठक के ने 8 सदस्यों का ट्रैप दल गठित कर आज अधिकारी प्रेम कुमार अहिरवार के खिलाफ ट्रेप प्लान तैयार किया और रिश्वत की पहली किस्त के 4 हजार लेते हुए अधिकारी के जावरा स्थित शासकीय आवास पर रंगे हाथों पकड़ा है।


कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दलौदा
सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रांगण, महू-नीमच रोड़, जिला मंदसौर मप्र
15 अगस्त स्वतंत्राता दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
********** अपील **********
समस्त कृषक बंधुओ से अनुरोध है कि * अपनी कृषि उपज साफ स्वच्छ कर मंडी प्रांगण में लावे ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकें। * अपनी कृषि उपज का भुगतान उसी दिन प्राप्त करें । भुगतान प्राप्त नही होने की दशा में कार्यालय में शिकायत दर्ज करायें। * मंडी समिति दलौदा में 5/-रुपए प्रति थाली भोजन योजना संचालित है। अतः मंडी प्रांगण में आने वाले समस्त कृषक बंधु अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ प्राप्त करें। * समस्त व्यापारी बंधु, कृषण बंधु, हम्माल बंधु तथा तुलावटी बंधुओ से अनुरोध है कि मंडी के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें ।
(एच.एल. मालवीय) सचिव
(निलेश पटेल) तहसीलदार एवं भार साधक अधिकारी



सभी स्नेहीजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ


जय केशरी नंदर इंटर प्राइजेस
बानीखेड़ी रोड़ दलौदा
प्रो. दीपक शर्मा बानीखेड़ी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर
समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता::
रिंकू भूता
मन्दसौर



प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रातीखेड़ी


15 अगस्त स्वतंत्राता दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुरेश शर्मा
शाखा प्रबंधक
रातीखेड़ी

बद्रीलाल सेन
सेल्समेन
रातीखेड़ी



कार्यालय ग्राम पंचायत रातीखेड़ी
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।
नागुसिंह सिसौदिया
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत रातीखेड़ी जनपद पंचायत सीतामऊ, जिला-मंदसौर (मप्र.)

बापूलाल आंजना
सरपंच प्रतिनिधि



कार्यालय ग्राम पंचायत जोगीखेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।

गजराजसिंह चावड़ा
सरपंच

राजेश राव
सहायक सचिव

शंकरलाल डांगी
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत जोगीखेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ, जिला-मंदसौर (मप्र.)



कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।
श्रीमती ललिता धीरज पटेल
उपसरपंच
संजय सोलंकी
सहा.सचिव
विनोदकुमार शर्मा
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत खेड़ा,
जनपद पंचायत सीतामऊ, जिला-मंदसौर (मप्र.)

श्रीमती मंजू-राजेश पाटीदार
सरपंच



कार्यालय ग्राम पंचायत धुंधड़का, जिला मंदसौर
15 अगस्त स्वतंत्राता दिवस 2024 के राष्ट्रीय पर्व पर
देशवासियों, जिले एवं नगर की समस्त जनता को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।
लोकपालसिंह सिसोदिया
सरपंच
ग्राम पंचायत धुंधड़का
प्रेमबाई नाथुलाल सरगरा
उप सरपंच
ग्राम पंचायत धुंधड़का
जगदीश धाकड़
सचिव
ग्राम पंचायत धुंधड़का
एवं समस्त ग्रामवासी एवं पंचगण ग्राम पंचायत धुंधड़का

स्वतंत्रता दिवस विशेष

# आजादी की लड़ाई से जुड़ा मंडी गेट और भुन्याखेड़ी का इतिहास...

## अंग्रेजों के सिर काटकर टांगे...नाम पड़ गया मुंडी गेट
## गोलियों से क्रांतिकारियों को भूना..नाम पड़ गया भुन्याखेड़ी

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वतंत्रता संग्राम में मालवा का जिक्र हो और उसमें मंदसौर का नाम नहीं हो तो इतिहास अधूरा ही लगता है। मंदसौर का किला भी अति प्राचीन रहा है और इस पर कब्जे के लिए अंग्रेजों का मुगलों से संघर्ष हुआ था। मुगल वंश के शहजादा फिरोज व उनकी सेना ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को पराजित कर दो अंग्रेज अधिकारियों के सिर काटकर मंदसौर किले के पश्चिमी द्वार पर टांग दिए थे। उसके बाद किले के इस द्वार का नाम मुंडी गेट हो गया और आज यह अपभ्रंश होकर मंडी गेट कहलाता है। बाद में अंग्रेजों ने भी पूरी ताकत से हमला कर फिर यहां कब्जा किया और देशभक्तों को इसी दरवाजे पर फांसी पर लटका दिया था। यहीं कहानी है ग्राम भुन्याखेड़ी की। जहां क्रांतिकारियों को अंग्रेजों ने गोलियों से बेहरमी से भूना। जिसके बाद यहां का नाम भुन्याखेड़ी पड़ गया।

मंदसौर का प्राचीन नाम दशपुर है और यहां का इतिहास भी काफी पुराना है। मंदसौर पर मराठा, मुगलों, खिलजी का शासन रहा है। किले का निर्माण हुशंगशाह गौरी ने 1400 ईस्वी में कराया था। तभी से इस पर मराठा शासकों में होल्करों व सिंधिया का शासन रहा था। 1818 में मल्हारराव होल्कर द्वितीय के सेनापति तांतिया जोग व अंग्रेज अधिकारी सर जान माल्कम के बीच इसी दुर्ग में इतिहास प्रसिद्ध संधि भी हुई थी। उसके बाद से अंग्रेजों के अधीनस्थ सिंधिया वंश का यहां शासन रहा। इतिहासकारों के अनुसार 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय सिंधिया वंश के शासकों से यह किला मुगल वंश के शहजादे फिरोज ने अपनी सेना के साथ हमला कर कब्जा कर लिया था। इसी दुर्ग में 26 अगस्त 1857 को उसका राज्यारोहण भी किया गया था। तब नीमच में छावनी से अंग्रेजों की सेना ने किले को वापस अपने कब्जे में लेने की तैयारी की। जीरन के पास शहजादा फिरोज व अंग्रेजों की सेना के बीच युद्ध हुआ। इस युद्ध में भी जीत शहजादे फिरोज की सेना की हुई। अंग्रेजों को पराजित कर उनकी सेना के दो अधिकारी कैप्टन रीड व कैप्टन टकर को पकड़कर शहजादे की सेना ने सिर को धड़ से अलग कर उनके सिर किले के पश्चिमी दरवाजे पर टांग दिए। तभी से इस दरवाजे को मुंडी गेट कहा जाने लगा। हालांकि इसके बाद फिर अंग्रेजों ने हमला किया और 92 दिन के शासन के बाद शहजादे फिरोज की सेना को फिर पराजित कर बाहर निकाला दिया। अपने अफसरों की मुंडिया किले के दरवाजे के सामने टांगने से नाराज अंग्रेजों ने यहां युद्ध में पकड़े गए क्रांतिकारियों को इसी दरवाजे पर फांसी पर लटका दिया।

**भुन्याखेड़ी में क्रांतिकारी भिड़े थे अंग्रेजों से–**इसी प्रकार शहजादे फिरोज की सेना की अंग्रेजों से भिड़ंत का ही एक और किस्सा है। मंदसौर से हारने के बाद नीमच की तरफ भागते समय वर्तमान में कृषि उपज मंडी से थोड़ा आगे महू–नीमच राजमार्ग से सटे ग्राम भुन्याखेड़ी के यहां शहजादे फिरोज के साथ बचे- खुचे क्रांतिकारियों को दोनों तरफ से अंग्रेजों की सेना ने घेर लिया। यहां क्रांतिकारियों को अंग्रेजों ने बड़ी बेरहमी से गोलियों से भून दिया। उसके बाद से इस जगह का नाम भून्याखेड़ी हो गया, जो आज भी प्रचलित है। बाद में यहां एक शहीद पार्क भी बनाया गया था, जो अब पूरी तरह उजाड़ हो गया है।






बारिश का ब्रेक, गर्मी रिटर्न, अब फसलों को लेकर भी सता रही चिंता...

# दर्ज 79 जलाशयों में से 35 लबालब, बाकी तालाब खाली

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बारिश आठ दिनों से अवकाश पर है और इधर गर्मी और उमस का असर थोड़ा बढ़ गया है। जो फसलों को लेकर भी चिंता का विषय है। कुछ दिनों पहले हुई बारिश के बाद फसलें अच्छी स्थिति में है। लेकिन फसलों को अब बारिश की जरुरत जल्द होगी। अन्यथा फसलें रोगों की चपेट में आ सकती है। इसके अलावा अभी आधे जलाशय खाली पड़े हैं। हालांकि सिस्टम सक्रिय होने के चलते 17 अगस्त के बाद ही अच्छी बारिश की संभावना है। बुधवार को भी बादल छाए रहे। लेकिन बारिश का इंतजार अधूरा रहा।

जल संसाधन विभाग के मुताबिक जिले के मुख्य 79 जलाशयों में से अब तक 35 जलाशय लबालब भर चुके हैं। 34 जलाशयों में अभी पानी की नाम मात्र ही आवक हो पाई है। 3 जलाशय 25 फीसदी से अधिक, 5 जलाशय 26 से 50 फीसदी और एक जलाशय 51 से 75 फीसदी भर चुका है। 76 फींसदी से 99 फीसदी तक 2 जलाशयों में पानी आ चुका है। इसके अलावा आधे शहर को रिचार्ज करने वाला तेलिया तालाब में भी पानी की आवक नहीं होने के चलते खाली ही है। 6 अगस्त के बाद से ही मानसून गतिविधियां कमजोर होने के चलते जिले में अच्छी बारिश नहीं हो पाई है।

**जिले में अब तक औसत 21.5 इंच बारिश–**जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 6 अगस्त की स्थिति में 21.4 इंच तक था जो सप्ताहभर बाद भी 21.5 इंच पर ही बना हुआ है। शहर की जीवनदायिनी शिवना नदी राजस्थान व भावगढ़ क्षेत्र में तेज बारिश के चलते एक बार उफान पर आ चुकी है, लेकिन पशुपतिनाथजी मंदिर के गर्भगृह तक नहीं पहुंच सकी।अब तक सामान्य से 5 फीसदी अधिक बारिश मौसम विभाग का कहना है कि मंदसौर में अब तक सामान्य से 5 फीसदी अधिक बारिश हुई है। जिले में अब तक 21.59 इंच औसत बारिश हो पाई है जबकि पिछली बार तो स्थिति और भी खराब थी। पिछले साल अब तक सिर्फ 14.95 इंच की औसत बारिश हो पाई थी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि चिंता जैसी कोई बात नहीं है। मानसून गतिविधियां लगातार जारी हैं। मंदसौर में हल्की बारिश के आसार बने हुए हैं।

डीपीआई ने बढ़ाई ज्वाइनिंग की तारीख...

## अब 20 अगस्त तक उच्च पद का प्रभार ले सकेंगे शिक्षक

**मंदसौर, 14 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार लेने (कार्यभार ग्रहण करने) के लिए तारीख बढ़ा दी है। अब शिक्षक 20 अगस्त तक उन स्कूलों में ज्वाइन कर सकेंगे, जहां के लिए उनका पदस्थापना आदेश जारी हुआ है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर दिया है। संचालनालय ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देने के लिए काउंसिलिंग की थी। 6 अगस्त को शिक्षकों के पदस्थापना आदेश जारी किए गए और उन्हें 7 दिन में अनिवार्य रूप से पदस्थापना वाले स्कूल में ज्वाइन करने को कहा गया। 7 दिन बाद पदस्थापना आदेश स्वत: ही कैंसिल हो जाता। शासकीय शिक्षक संगठन ने इसका विरोध किया और आयुक्त लोक शिक्षण से ज्वाइनिंग का समय बढ़ाने की मांग की थी।






### डॉक्टर संगतानी की घर के...

पेज 1 से जारी

को निशाना बनाया गया। रामटेकरी स्थित उनके घर के बाहर खड़ी कार क्रमांक एमपी 14 सीसी 1187 को आधी रात में तीन बाइक सवारों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया। जिससे कार जलकर खाक हो गई। सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुई है, वीडियो वायरल भी हुआ है। घटना को किसने और किन कारणों से अंजाम दिया गया है, यह जांच का विषय है। फिलहाल जांच पूरी होने के बाद ही अधिकारिक रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

**एक मिनट के अंतराल में आग लगाकर भागे बदमाश–**रात करीब तीन बजे रामटेकरी स्थित डॉ. संगतानी के घर के बाहर तीन बाइक सवार पहुंचे। इसमें दो बाइक से नीचे उतरे। बाइक सवार चालक ने वापिस बाइक पलटाई। इधर नीचे उतरे एक व्यक्ति ने डिब्बे से ज्वलनशील पदार्थ कार पर छिड़का। इसके बाद उसमें आग लगा दी। इसके बाद तीनों बाइक सवार फरार हो गए। वारदात को अंजाम महज पचास सेकंड में यानी एक मिनट के अंतराल में दिया गया। पड़ोसियों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद आग को बुझाया गया। लेकिन, तब तक कार जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी।

**कोतवाली पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज–**कोतवाली पुलिस के अनुसार नेहा होतवानी पिता देवीदास संगतानी निवासी रामटेकरी ने शिकायत दर्ज कराई। बताया कि घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाई गई है। शंका में एक व्यक्ति का नाम व तीन अन्य अज्ञात आरोपी बताए गए हैं। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 326, 287, 61–3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले में उपनिरीक्षक शैलेन्द्रसिंह कनेश ने बताया कि कार में आगजनी के संदर्भ में जांच की जा रही है। पूर्व की घटना में भी वीडियो आया था। चेहरे आदि से बदमाश क्लीयर नहीं हो पाए हैं। हमारे द्वारा पड़ताल की जा रही है।









स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in